नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में हिरोशिमा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

वर्धा, दि. 05 अगस्त 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग की ओर से कल 06 अगस्त को अपराह्न 3.00 बजे हिरोशिमा दिवस के अवसर पर 'वैश्विक शांति के प्रयासों में भारत की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन गुर्रम जोशुआ सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। 06 अगस्त समूचे मानवता के इतिहास में एक 'त्रासद दिन' के तौर पर याद किया जाता है। हिरोशिमा नागासाकी पर परमाणु हमले ने समूची मनुष्यता को ठहरकर सोचने पर मजबूर कर दिया। परंतु इतने वर्षों बाद भी विश्व परमाणु भय से मुक्त नहीं है। एक दिवसीय गोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील संस्कृति विद्यापीठ एवं गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी ने की है।

माननीय संपादक/संवाददाता

महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।
धन्यवाद।